राजस्थान सरकार
नगर नियोजन विभाग
कार्यालय मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान, जयपुर।

क्रमांक : टीपीआर 9119.05.2019/5498-510 दिनांक :-27 JUL 2023

आदेश

सहायक प्रशासनिक अधिकारी के वर्ष 2021—22 में उपलब्ध रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु दिनांक 15.06.2021 को सम्पन्न विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में की गई अभिशंषाओं को रिव्यू किये जाने हेतु, राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय लिपिकवर्गीय सेवा नियम, 1999 के प्रावधानान्तर्गत गठित रिव्यू विभागीय पदोन्नति समिति की दिनांक 25.07.2023 को आयोजित बैठक में की गई सिफारिश पर नगर नियोजन विभाग के निम्नांकित वरिष्ठ सहायकों को, सहायक प्रशासनिक अधिकारी {पे मैट्रिक्स में लेवल संख्या—10} के पद पर, वरिष्ठता—सह—योग्यता के आधार पर, उनके नाम के सम्मुख अंकितानुसार एतद्द्वारा पदोन्नति प्रदान की जाती है:—

| क्र. | पदोन्नत राजसेवक का नाम | वर्ग | चयन वर्ष | रिक्ति तिथि | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती भारती विजयवर्गीय | UR | 2021—22 (रिव्यू) | 01.04.2021 | — |
| 2. | श्री लीलाधर शर्मा | UR | 2021—22 (रिव्यू) | 01.04.2021 | — |
| 3. | श्री गोपाल कृष्ण वर्मा | SC | 2021—22 (रिव्यू) | 01.06.2021 | कनिष्ठ सहायक की मूल वरिष्ठता के आधार पर UR की रिक्ति पर पदोन्नति। |

क्र.सं. 1 से 2 पर अंकित राजसेवक नियमित डीपीसी दिनांक 15.06.2021 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर चयनित होकर पदोन्नति पर पदस्थापित है, अतः यह दोनों राजसेवक यथावत पदस्थापित रहेंगे।

क्रम संख्या 3 पर, वरिष्ठ नगर नियोजक, बीकानेर जोन, बीकानेर में वर्तमान में पदस्थापित श्री गोपाल कृष्ण वर्मा का उक्त पदोन्नति पर पदस्थापन एतद्द्वारा वरिष्ठ नगर नियोजक, बीकानेर जोन, बीकानेर कार्यालय में रिक्त सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर किया जाता है। इन्हें पदोन्नति का नकद लाभ, पदोन्नति पर कार्यग्रहण तिथि से देय होगा।

27/7/2023
(संदीप दंडवते)
मुख्य नगर नियोजक
राजस्थान, जयपुर।

PTO